[This question paper contains 4 printed pages]

Roll No.	

25BC-ECM-SOC-II

SOCIOLOGY (PAPER-II)

समाजशास्त्र (पेपर-II)

Time Allowed : 3 Hours	Maximum Marks : 100
निर्धारित समय : 3 घंटे	अधिकतम अंक: 100

QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.

1. There are EIGHT questions printed both in English & Hindi.
2. Candidate has to attempt FIVE questions in all in English or Hindi.
3. Question No. 1 is compulsory. Out of the remaining SEVEN questions, FOUR are to be attempted.
4. All questions carry equal marks. The number of marks carried by a question/part is indicated against it.
5. Write answers in legible handwriting. Each part of the question must be answered in sequence and in the same continuation.
6. Attempt of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the answer book must be clearly struck off.
7. Re-evaluation/Re-checking the answer book of the candidate is not allowed.

प्रश्न पत्र से सम्बन्धित विनिष्ट निर्देश

प्रश्नों का उत्तर देने से पहले कृपया निम्नलिखित प्रत्येक निर्देश को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

1. इसमें आठ प्रश्न हैं जो अंग्रेज़ी और हिन्दी दोनों में छपे हैं।
2. अभ्यर्थी को अंग्रेज़ी या हिन्दी में कुल मिलाकर पाँच प्रश्न हल करने होंगे।
3. प्रश्न क्रमांक 1 अनिवार्य है। शेष सात प्रश्नों में से चार का उत्तर दीजिए।
4. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। प्रत्येक प्रश्न/भाग द्वारा प्राप्त अंक उसके सामने दिये गये हैं।
5. उत्तर सुपाठ्य लिखावट में लिखें। प्रश्न के प्रत्येक भाग का उत्तर क्रम से और उसी निरंतरता में दिया जाना चाहिए।
6. प्रश्नों के प्रयासों की गिनती क्रम अनुसार की जाएगी। जब तक काट न दिया जाए, प्रश्न का प्रयास गिना जाएगा, भले ही आंशिक रूप से प्रयास किया गया हो। उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए किसी भी पृष्ठ या पृष्ठ के भाग को स्पष्ट रूप से काट दिया जाना चाहिए।
7. अभ्यर्थी की उत्तर पुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन/पुनः जांच की अनुमति नहीं है।

1. (a) How does "Unity in Diversity" act as both a strength and a challenge for Indian society? 4

"विविधता में एकता" भारतीय समाज के लिए शक्ति और चुनौती दोनों किस प्रकार है?

(b) What socio-economic issues make tribal communities more vulnerable today? 4

आज कौन-सी सामाजिक-आर्थिक समस्याएँ जनजातीय समुदायों को अधिक असुरक्षित बनाती हैं?

(c) How did Five-Year Plans shape social change in India? 4

भारत में पंचवर्षीय योजनाओं ने सामाजिक परिवर्तन को कैसे प्रभावित किया?

(d) How has urbanization changed family life and cultural practices in India? 4

नगरीकरण ने भारत में पारिवारिक जीवन और सांस्कृतिक प्रथाओं को कैसे बदला है?

(e) How do mass media influence public opinion in democratic societies? 4

लोकतांत्रिक समाजों में जनमत को आकार देने में जनसंचार माध्यमों की क्या भूमिका है?

2. (a) Examine the role of Varnashrama Dharma in shaping caste and cultural practices in Indian society. 10

भारतीय समाज में जाति और सांस्कृतिक प्रथाओं को आकार देने में वर्णाश्रम धर्म की भूमिका का परीक्षण कीजिए।

(b) Population growth increases inequality more than development. Discuss with reference to weaker sections of Indian society. 10

जनसंख्या वृद्धि विकास से अधिक असमानता को बढ़ाती है। भारतीय समाज के कमजोर वर्गों के संदर्भ में चर्चा कीजिए।

3. (a) Globalization has changed family structures in India but traditional values still exist. Discuss. 10

वैश्वीकरण ने भारत में पारिवारिक स्वरूप बदले हैं, लेकिन पारंपरिक मूल्य अब भी बने हुए हैं। चर्चा कीजिए।

(b) What is the relevance of kinship ties in rural and urban India today? 10

आज के ग्रामीण और शहरी भारत में नातेदारी संबंधों की क्या प्रासंगिकता है?

4. (a) Caste-based inequalities continue in India even after economic reforms. Examine. 10

भारत में आर्थिक सुधारों के बाद भी जाति आधारित असमानताएँ बनी हुई हैं। परीक्षण कीजिए।

(b) Evaluate the role of welfare programmes for Scheduled Castes and Tribes in ensuring social justice. 10

अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए कल्याणकारी कार्यक्रमों की सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने में भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।

5. (a) Peasant movements in India were not only economic struggles but also expressions of identity. Analyze. 10

भारत में कृषक आंदोलन केवल आर्थिक संघर्ष ही नहीं बल्कि पहचान की अभिव्यक्ति भी रहे हैं। विश्लेषण कीजिए।

(b) How has commercialization of agriculture affected rural class structure and inequality? 10

कृषि के वाणिज्यीकरण ने ग्रामीण वर्ग संरचना और असमानता को किस प्रकार प्रभावित किया है?

6. (a) Social reform movements in India opposed caste, gender and religious rigidity, but also showed class interests. Discuss. 10

भारत में सामाजिक सुधार आंदोलनों ने जाति, लिंग और धार्मिक कठोरता का विरोध किया, पर वर्गीय हित भी दिखे। चर्चा कीजिए।

(b) Privatization has created new opportunities but also new insecurities in employment. Explain with Indian examples. 10

निजीकरण ने रोज़गार में नए अवसर दिए हैं, पर नई असुरक्षाएँ भी पैदा की हैं। भारतीय उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।

7. (a) How have Panchayati Raj Institutions changed the power structure in rural India? 10

ग्रामीण भारत में सत्ता संरचना को बदलने में पंचायती राज संस्थाओं की क्या भूमिका रही है?

(b) Examine the role of caste and religion in shaping electoral politics in India. 10

भारत की चुनावी राजनीति को आकार देने में जाति और धर्म की भूमिका का परीक्षण कीजिए।

8. (a) Ecological degradation has made rural livelihoods more insecure in India. Analyze with examples. 10

पारिस्थितिकीय क्षरण ने भारत में ग्रामीण आजीविकाओं को अधिक असुरक्षित बना दिया है। उदाहरण सहित विश्लेषण कीजिए।

(b) Youth unrest in India is linked more to unemployment than to cultural alienation. Discuss. 10

भारत में युवा अशांति बेरोज़गारी से अधिक जुड़ी है न कि सांस्कृतिक अलगाव से। चर्चा कीजिए।